हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 हैंडबाल में राजकीय माध्यमिक स्कूल फ्रांस...



10 उमसभरी गर्मी ने बढ़ाए उल्टी व दस्त के मरीज...



## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र के एक गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना तितरम पुलिस की लेडी पीएसआई मनीषा द्वारा पीड़िता के पति गांव बुढाखेड़ा जिला जींद निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 12 जनवरी 2025 को दीपक उपरोक्त के साथ हुई थी। शिकायतकर्ता के परिवार जनो द्वारा उसकी शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।

### महिला व किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग जगहों से एक महिला और किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पहले मामले में 17 साल की किशोरी घर से 50 हजार रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज लेकर लापता हो गई। जबकि दूसरे मामले में एक विवाहिता अपनी 2 साल की बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीवन थाना में दी गई शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी 17 साल की बेटी 20 जुलाई की शाम करीब 3 बजे पड़ोस में जरूरी काम बताकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

### अलेवा समाधान शिविर में पहुंची 13 शिकायतें

**अलेवा।** अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को ग्रामीणों की समस्या सुनकर समाधान कराने के लिए उचाना के एसडीएम रमित यादव के नेतृत्व में एक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार ओंकार दत्त शर्मा ने की। समाधान शिविर में पेंशन से संबंधित, फैमिली आइडी, जमीन से सबंधित, अधूरी गली, बिजली निगम व राशन कार्ड कटने समेत 13 शिकायतें आई।

### गांव पपराला में हुई मारपीट में एक घायल

**कैथल।** चीका के गांव पपराला में पानी निकासी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि 7 लोगों ने खेत के पास युवक का रास्ता रोककर उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए युवक खेत में बने कोठे में घुस गया, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और धारदार हथियारों व डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### अग्रवाल धर्मशाला में सृष्टि संगीत संध्या 26 को

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 26 जुलाई रविवार को सृष्टि संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। सृष्टि प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 16 मंझे हुए कलाकारों द्वारा गायक लता मंगेश्कर, मोहम्मद रफी, मुकेश, आशा भौंसले, किशोर कुमार, हेमंत कुमार को अपनी गायकी से श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए दातासिंह वाला बार्डर सील

## डयूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति के साथ भारी संख्या में पुलिस बल किया तैनात

**पंजाब की तरफ आने-जाने वाले वाहनो का रास्ता किया डायवर्ट, रखी जा रही कड़ी निगरानी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद/नरवाना

किसानों के अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ दिल्ली कूच के आह्वान को देखते हुए मंगलवार को दातासिंह वाला बार्डर को सील कर दिया गया। बार्डर पर भारी संख्या में पुलिसबल को तैनात किया तो पंजाब की तरफ आने जाने वाले वाहनों को भी डायवर्ट कर दिया गया। हालांकि पंजाब की तरफ से किसानों की कोई हलचल नही हुई। बार्डर को सील किए जाने के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी कार सामना करना पड़ा।

किसान संगठनों अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ 21 जुलाई को दिल्ली कूच आह्वान किया था। पंजाब की तरफ से आवागमन न हो और दिल्ली की तरफ कूच रोकने को लेकर जिला प्रशासन अर्लट मोड पर आ गया। जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर दातासिंह वाला बार्डर को भारी भरकम बैरिगेटिंग कर सील कर दिया। डूयटी मैजिस्टेट की नियुक्ति





जींद। दातासिंह वाला बार्डर पर की गई बेरिकेटिंग। फोटो : हरिभूमि





जींद/नरवाना। दातासिंह वाला बार्डर पर तैनात पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि





जींद। वाहनों की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि



पूंडरी। पूंडरी में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### वाहन चालक व यात्रियों को हुई परेशानी

पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पंजाब की तरफ आने व जाने वाले वाहनों को गांव हंसडैहर की तरफ डायवर्ट कर दिया। जिसके चलते वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पंजाब की तरफ की तरफ से कोई किसान संगठन नही आया। बावजूद इसके पुलिस बलअर्लट पर रहा और बार्डर पार पंजाब की तरफ नजर बनाए रखी।

### लंबे समय तक सील रहा था दातासिंह वाला बार्डर

वर्ष 2024 में किसान आंदोलन के दौरान भी दातासिंह वाला बार्डर लंबे समय तक सील रहा था। उस दौरान पंजाब के किसानों ने अपना पक्का मोर्चा खनौरी बार्डर बना लिया था। उस दौरान हाइवे को सील करने तथा तीन स्तरीय सुरक्षा लेयर बनाई गई थी।

### एसपी ने लिया बार्डर का जायजा

किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान को देखते एसपी कुलदीप सिंह ने बार्डर पर पहुंच कर उठाए कदमों का जायजा लिया। दातासिंह वाला बार्डर पर नरवाना के डीएसपी कमलदीप राणा पुलिसबल के साथ डेरा डाले हुए हैं। बीडीपीओ तरूण सुथार तथा नायब तहसीलदार रणबीर सिंह को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्ति किया गया है।

### दिल्ली जाने से रोक पर किसान भड़के

**पूंडरी।** दिल्ली में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने के लिए मंगलवार को किसान भवन पूंडरी में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। किसानों के एकत्र होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। इसके विरोध में किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान नेता रणधीर बरसाना के नेतृत्व में किसानों ने कहा कि वे अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील को रद्द कराने और अन्य लंबित मांगों को लेकर दिल्ली में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन पुलिस उन्हें रास्ते में ही रोक रही है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे छीना नहीं जा सकता। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार और प्रशासन किसानों की आवाज दबाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। देशभर से सैकड़ों किसान संगठन महापंचायत में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंच रहे हैं, लेकिन हरियाणा में किसानों को रोकने के लिए प्रशासनिक बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं और सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों की लगातार अनदेखी की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उनका कहना था कि किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस मौके पर रणधीर बरसाना, सुनील, बलविंद्र हजवाणा और विक्रम दुसेन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# रिकॉर्ड व्यवस्थित नहीं मिलने पर वर्कर व सुपरवाइजर को नोटिस



कैथल। डीसी अपराजिता आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

- जिला कार्यक्रम अधिकारी को नियमित फील्ड विजिट व केंद्रों में जरूरतों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

डीसी अपराजिता ने मंगलवार सुबह शहर के बलराज नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-413 का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन की उपलब्धता, बच्चों व कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, दवाइयों, खिलौनों तथा अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। रिकॉर्ड संतोषजनक ना मिलने पर डीसी ने संबंधित आंगनबाड़ी वर्कर एवं सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी सपना को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने और आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने राशन बारे जानकारी ली। उन्होंने राशन के स्टॉक, राशन रखने के बॉक्स का बारीकी से निरीक्षण किया और उसे अच्छे ढंग से रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा बच्चों और कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर तथा स्टॉक रजिस्टर की भी विस्तार से जांच की गई। डीसी ने केंद्र में उपलब्ध आयरन एवं फोलिक एसिड सिरप की एक्सपायरी डेट भी जांची और निर्देश दिए कि टीकाकरण आदि की प्रोपर वीडियोग्राफी भी करवाई जाए। निरीक्षण के दौरान बच्चों की लंबाई और वजन नापने वाली मशीन खराब मिली, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। डीसी अपराजिता ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर उनकी आवश्यकताओं की सूची तैयार कर उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए।

### दिए जरूरी निर्देश

उन्होंने कहा कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में किसी तरह की सुविधाओं की कमी न हों। सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार बच्चों को खाने-पीने की व्यवस्थाओं सहित अन्य सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं। डीसी ने स्टॉक में रखे खिलौनों, बच्चों को सिखाने के लिए रखी गई आवश्यक सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर को सही ढंग से अपडेट न रखने के सख्त निर्देश दिए और सुपरवाइजर सहित आंगनबाड़ी केंद्र की वर्कर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए।

# जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज की सर्वजातीय बिनैन खाप ने की निंदा

- सरकार से मांगें तत्काल मानने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना

जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना पर सर्वजातीय बिनैन खाप ने गहरा रोष व्यक्त किया है।

खाप के प्रधान रघुवीर नैन ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। छात्रों की बात सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग करना अत्यंत



केंद्र की भाजपा सरकार से छात्रों की मांगें तत्काल मानने की अपील

रघुवीर नैन प्रधान सर्वजातीय बिनैन खाप।

दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। खाप पदाधिकारियों ने कहा कि देश का युवा राष्ट्र का भविष्य है। यदि छात्र अपनी शिक्षा, भर्ती, परीक्षा या अन्य जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष अपनी बात रखना चाहते हैं, तो सरकार का दायित्व है कि उनसे संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का समाधान निकाले। लाठीचार्ज जैसी घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं और इससे युवाओं में असंतोष बढ़ता है। सर्वजातीय बिनैन खाप ने केंद्र सरकार से मांग की है कि छात्रों की सभी जायज मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लिया जाए तथा लाठीचार्ज की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। खाप ने घायल छात्रों के बेहतर उपचार और उन्हें उचित सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की। खाप ने कहा कि सरकार को टकराव का रास्ता छोड़कर संवाद और समाधान का मार्ग अपनाना चाहिए।

### किसान ने शिक्षामंत्री का पुतला फुंका

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मंगलवार को 1554 वें दिन भी मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। कल दिल्ली जंतर मंतर पर संसद मार्च के समय बच्चों पर हुई जालियां वाले बाग की दूसरी घटना के विरोध में संविधान बचाओ देश बचाओ, संविधान बचाओ शिक्षा बचाओ, निहत्थे आंदोलनरत बच्चों का दमन बंद करो ,शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफ़ा दो के नारे लगाते हुए और प्रदर्शन करते हुए विश्वकर्मा चौंक पर प्रधानमंत्री भारत सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के पुतलों का दहन किया गया।

# एपीके लिंक भेजकर 4 लाख रुपये की ठगी करने वाला आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीएम किसान योजना के नाम पर फर्जी एपीके लिंक भेजकर 4 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बंदराणा निवासी जितेन कुमार की अनुसार उसके व्हाट्सएप पर /"पीएम किसान योजना एपीके/" नाम से एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने के बाद साइबर ठगों ने उसके मोबाइल का अनधिकृत एक्सेस प्राप्त कर लिया। इसके बाद उसके एचडीएफसी बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शनों के माध्यम से कुल 4 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने तुरंत बैंक पहुंचकर अपना खाता बंद करवाया तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। जिस बारे थाना साइबर क्राइम कैथल में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया की मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई रवि की अगुवाई में एसआई रविंद्र कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गोबिंदगढ़ लुधियाना पंजाब निवासी रामु साहनी को लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी द्वारा साइबर ठगो को बैंक खाता उपलब्ध करवाया गया था। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।



कैथल। साइबर ठगी मामले में काबू आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### कार ने मारी टक्कर से महिला की मौत

**जींद।** गांव लोन में कूड़ा डाल कर सड़क पार कर घर लौटी रही महिला को तेजरफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौत हो गई। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लोन निवासी सावित्री (48) सड़क पार कर वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान नरवाना की तरफ से आ रही तेजरफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सावित्री को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक पति महाबीर ने बताया कि उसका बेटी गांव के बस अड्डे दुकान चलाता है। सफाई के बाद उसकी पत्नी सड़क पार कूड़ा डाल कर वापस लौट रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत टोहाना की तरफ फरार हो गया। गढ़ी थाना पुलिस ने महाबीर की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी दिलबाग सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** मुंदड़ी के युवक पर पुरानी रंजिश के चलते वर्ष 2025 दौरान किए गए जानलेवा हमले के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बलराज नगर कैथल निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया का गाँव मुन्दड़ी निवासी प्रदीप की शिकायत अनुसार वह गांव में जिम चलाता है, उसकी मुंदड़ी निवासी युग, सुनील व अनिल, विकास तथा प्रवीन के साथ काफी समय से रंजिश चल रही है। इनके खिलाफ थाना पुण्डरी में पहले मामले दर्ज हो चुके हैं। आरोपियों को जमानत मिलने के बावजूद वे उसे और उसके परिवार का पीछा कर जान से मारने की धमकियाँ देते रहे। 14 सितंबर शाम करीब 5 से 7 बजे के बीच वह अपने दोस्त पवन के साथ सैर कर कठवाड़ वाली सड़क से वापस लौट रहा था। मुर्गी फार्म के आगे उन्हें बिना नंबर की काले शीशे वाली स्कॉर्पियो ने रोक लिया। गाड़ी से 7–8 युवक उतरकर आए, जिनके चेहरे ढके हुए थे और हाथों में लाठी, डंडे, गंडासी व रिवॉल्वर थे। आरोपियों ने प्रदीप पर गंडासी व हथियारों से हमला करते हुए कहा कि "युग और सीआईए वाले प्रवीन थानेदार से दुश्मनी का मजा चखाते हैं।



कैथल। हमला करने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### मोबाइल हैक कर 8.03 लाख रुपये ठगे

**कैथल।** जिले में साइबर ठगों ने मोबाइल फोन हैक कर दो लोगों से 8.03 लाख रुपए की ठगी कर ली। एक मामले में पीड़ित के मोबाइल का रिमोट एक्सेस लेकर 3 क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपए के गिफ्ट वाउचर खरीद लिए गए। जबकि दूसरे मामले में फर्जी एपीके फाइल के जरिए मोबाइल हैक कर बैंक खातों से 1.18 लाख रुपए उड़ा लिए। दोनों मामलों में साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में गांव ट्योंठा निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह नोएडा स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। 7 जून की सुबह उनका मोबाइल अपने आप फॉर्मेट हो गया। इसके बाद उनके 3 क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति कुल 6.85 लाख रुपए के गिफ्ट वाउचर खरीद लिए गए। जांच करने पर मोबाइल में एनी डेस्क रिमोर्ट डेस्कटॉप, रिमोर्ट प्लगइन और एनी कॉल जैसी रिमोट एक्सेस एप्स इंस्टॉल मिलीं। साइबर ठगों ने मोबाइल का एक्सेस लेकर यह धोखाधड़ी की। दूसरे मामले में कैथल के सुभाष नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि 18 जुलाई को उनका मोबाइल अपडेट होने के दौरान स्क्रीन ब्लैक हो गई। मोबाइल चालू होने पर ई-मेल के जरिए पता चला कि एक्सिस बैंक खाते से 99 हजार और एसबीआई खाते से 19 हजार रुपए यूपीआई से निकल चुके हैं।

### हादसे में एयरफोर्स के साजेंट एयरमैन विकास की मौत, परिवार में मातम



विकास की फाइल फोटो

**कलायत।** कलायत के गांव जुलानी खेड़ा निवासी एयरफोर्स में साजेंट एयरमैन पद पर तैनात विकास की सड़क हादसे में मौत हो गई। विकास एयर फोर्स में सार्जेंट के तौर पर तकनीकी कार्यों के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मियों का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षक था। हाल ही में उनकी चंडीगढ़ में उनकी नियुक्ति हुइ थी। जुलानीखेड़ा गांव के पूर्व सरपंच प्रदीप कुमार ने बताया की विकास अपनी पत्नि के साथ करनाल जा रहे थे। जैसे वे नेशनल हाईवे 152 डी पर पहुंचे तो उन्होंने लघुशंका के लिए गाड़ी रोकी। उपरांत उन्होंने रोड़ के साइड में गाड़ी खड़ी करके खिडकी खोली। इसी बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और कुचल डाला। दुर्घटना इस कदर दर्दनाक रही कि विकास के शव की पहचान तक भी नहीं हो पा रही थी। प्रदीप कुमार ने बताया की विकास 13 जुलाई को छुट्टी लेकर गांव आए थे और 26 जुलाई की उनकी वापसी थी। विकास के पिता और भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। अब परिवार में उनकी मां, पत्नि व 13 वर्ष का एक बेटा है। विकास की गांव में केवल 2 एकड़ कृषि भूमि है जिसे ठेके पर दिया है। तितरम थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया की दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। विकास की मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा फैल गया। बड़ी संख्या में गांव के लोग जिला नागरिक अस्पताल में एकत्रित हो गए। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव में लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने सार्जेंट विकास की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

22 तक जमा करवाई जा सकेगी फीस, 23 को जारी होगी रिक्त सीटों की सूची

# कैथल आईटीआई में पहली काउंसलिंग में 265 ने लिया दाखिला

**17 जुलाई को प्रथम सीट अलॉटमेंट की सूची हुई थी जारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कैथल में प्रथम सीट अलॉटमेंट एवं कम मेरिट सूची के तहत आयोजित पहली काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हो गई। इस दौरान विभिन्न ट्रेडों में कुल 265 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया। संस्थान प्रशासन की ओर से काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 जुलाई को प्रथम सीट अलॉटमेंट एवं कम मेरिट सूची जारी की गई थी। इसके बाद 17 से 21 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन और काउंसलिंग की प्रक्रिया चली। जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन हो चुका है, वे 22 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा कर अपने दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। दस्तावेजों की जांच, मार्गदर्शन और अन्य औपचारिकताओं के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। हेल्प डेस्क पर भी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन फीस जमा करने तथा अन्य प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।





कैथल। राजकीय आईटीआई में दाखिले लेते युवक व युवतियां। फोटो:हरिभूमि

### सीट आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी

राजकीय आईटीआई कैथल के दाखिला इंचार्ज सतीश सैनी वर्ग अनुदेशक ने बताया कि जिन सीटों पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश नहीं लिया या फीस जमा नहीं करवाई, उन्हें रिक्त माना जाएगा। विभाग की ओर से 23 जुलाई को रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद आगामी काउंसलिंग एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे अन्य अभ्यर्थियों को भी प्रवेश का अवसर मिलेगा।

### अभ्यर्थियों का अच्छा रुझान देखने को मिला

आईटीआई कैथल में इस वर्ष विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का अच्छा रुझान देखने को मिला है। अब सभी की निगाहें 23 जुलाई को जारी होने वाली रिक्त सीटों की सूची और अगले सीट अलॉटमेंट पर टिकी हैं, जिससे शेष अभ्यर्थियों को मनचाहे ट्रेड में दाखिला मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### ऑटो से टक्कर में बाइक सवार तीन घायल

**जींद।** सीआरएसयू के निकट तेजरफ्तार ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। शहर थाना पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धनाना (भिवानी) निवासी संतोष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसकी बहन पूनम, भांजे वंश के साथ बाइक पर सवार हो कर गांव मलार जा रहे थे। सीआरएसयू के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें तीन घायल हो गए।

### युवा विकास समिति का रक्तदान शिविर कल

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा डीआरडीए के पास के एक निजी अस्पताल में 23 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि रक्तदान शिविर की अध्यक्षता अस्पताल के चिकित्सक करेंगे।

### दुकानों पर कब्जे की कोशिश, दो पर केस

**जींद।** पालिका बाजार में दुकानों के साथ तोडफ़ोड करने तथा गैर कानूनी तरीके से निर्माण करने पर शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। हिसार निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पालिका बाजार में उसकी दो दुकानें है। वर्ष 2009 मे उसने व्यापार के लिए ईश्वर को अपना हिस्सेदार बना लिया।

### बेटियों को शिक्षित बनाना ही समाज की सच्ची प्रगति

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना के अंतर्गत गांव गतौली में एमपीएचडब्ल्यू पूजा, जंत्री एवं अशोक कुमार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह व फूलसिंह ब्लॉक एजुकेटर ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गिरते लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या, बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं पीएनडीटी एक्ट के प्रति जागरूक करना तथा समाज में बेटा व बेटी के प्रति समान सोच विकसित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए महेंद्र सिंह व फूलसिंह ने कहा कि बेटियां समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनकी शिक्षा ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार है।

### संदिग्ध हालात में नहर में डूबने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** राजा की कोठी के निकट मंगलवार को एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में हांसी ब्रांच नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक फोन आने के बाद नहर पर पहुंचा था। नहर पटरी पर शराब की खाली बोतल तथा कपड़े भी मिले हैं। व्यक्ति की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम होने के बाद हो पाएगा। फिलहाल शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजनगर निवासी जयभगवान (45) फर्नीचर का काम करता था। मंगलवार को सुबह फोन आने पर वह घर से निकला था। जिसके बाद उसका शव हांसी ब्रांच से निकाल नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया।

## लघु सचिवालय में मतदाता सूची को लेकर अधिकारियों की बैठक

# सूची के दावे व आपत्तियों में न बरतें लापरवाही: डीसी

किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है या सूची में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वह निर्धारित अवधि के दौरान उसे ठीक करवाएं



**जींद।** वीसी में भाग लेतीं डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना का कार्य पूरा होने के बाद अब दावे और आपत्तियों के निस्तारण का चरण शुरू हो गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी डा. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इससे पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी नें सभी उपायुक्तों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर इस चरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नें संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दावे और आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शीए समयबद्ध और निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार पूरी की जाए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) यह सुनिश्चित करें कि हर मतदाता को यह जानकारी हो कि उसे अपना दावा या आपत्ति किस कार्यालय में जमा करनी है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोडऩे, हटाने, संशोधन कराने या अन्य बदलाव के लिए फार्म 6, फार्म 7 और फॉर्म 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने चाहिए। यदि कहीं इनकी कमी हो तो तुरंत जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपस्थित एब्सेंट, मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची संबंधित मतदान केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित की जाए ताकि इससे मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि दावे और आपत्तियों की सुनवाई प्रतिदिन निर्धारित समय पर हो तथा सभी आवेदनों का तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराते समय उनकी प्राप्ति का उचित रिकार्ड भी रखा जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नही है या सूची में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वह निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित ईआरओ या एईआरओ कार्यालय में अपना दावा या आपत्ति अवश्य दर्ज कराएं।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

इस दौरान एसडीएम सत्यवान मान, एसडीएम होशियार सिंह, सीटीएम मोनिका, चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप, चुनाव कानूनगो दीपांशु सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

- महिला श्रद्धालुओं ने लिया कलश यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग, मां जयंती की जय जयकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर मंगलवार को जयंती देवी मंदिर से भक्तिमय कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने इस यात्रा को भव्य और यादगार बनाया। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में बढ़चढ़ कर भाग लिया और मां जयंती देवी की जयकार लगाते हुए पूरे मार्ग को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कलश यात्रा जयंती देवी मंदिर से प्रारंभ होकर रुपया चौक से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। महिलाएं सिर पर कलश लेकरए भजन व कीर्तन गाते और माता की जय-जयकार करते हुए चल रही थी। यात्रा के दौरान वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहा। श्रद्धालु फूल, मालाओं और रंग बिरंगी झंडियों से यात्रा को सजाते नजर आए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मां जयंती देवी की कृपा से हो रहा है।

# निर्माण मजदूरों ने मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन कर जताया विरोध

- डिप्टी स्पीकर आवास पर पहुंच मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, मजदूरों को उनका हक दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** प्रदर्शन करते हुए निर्माण मजदूर।

संयुक्त निर्माण मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को जिले के निर्माण मजदूरों ने शहर में प्रदर्शन किया और हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढ़ा के आवास तक प्रदर्शन किया। इस दौरान मजूदरों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निर्माण मजदूरों के लंबित अधिकारों को तत्काल बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन से पहले निर्माण मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष जोगेंद्र ईगराह, इंटक नेता सतीश बड़ौदा, संदीप जाजवान ने कहा कि प्रदेश के निर्माण मजदूरों में भाजपा सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। पिछले लगभग एक वर्ष से सरकार निर्माण मजदूरों के अधिकारों पर कुंडली मार कर बैठी है। निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ मजदूरों तक नहीं पहुंच रहा है। पोर्टल संबंधी समस्याओं के कारण लाखों मजदूर पंजीकरण, नवीनीकरण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदर्शन के बाद संयुक्त निर्माण मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के पुत्र को निर्माण मजदूरों की लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद में पेंटिंग एवं ईको क्विज प्रतियोगिता में छाए छात्र

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद में पेंटिंग एवं ईको क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डा. नीरज कुमार के सानिध्य में किया गया। वन विभाग द्वारा आगामी वन महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छ हरियाणा, हरित हरियाणा अभियान के तहत पेंटिंग एवं ईको क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों ने जूनियर पेंटिंग प्रतियोगिता तथा कक्षा नौ से 12 के विद्यार्थियों ने सीनियर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं ईको क्विज की लिखित परीक्षा में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला एवं लिखित परीक्षा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, वनों के महत्व तथा सतत विकास के प्रति अपनी जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण से किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के प्राचार्य डा. नीरज कुमार के वन टीचर, वन प्लांट अभियान के सफल संचालन के लिए वन विभाग के अधिकारियों द्वारा विशेष सराहना की गई। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी जींद रेंज अधिकारी पवन ग्रोवर, अमित शर्मा आदि रहे।




**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

# राजेश वशिष्ठ को मिला प्रतिष्ठित ऑनरेबल चार्ज एंड बीड्स सम्मान

- हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष ने किया राजेश वशिष्ठ को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** सम्मानित होते हुए राजेश वशिष्ठ।

हरियाणा लोक भवन, चंडीगढ़ में आयोजित हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 44वीं वार्षिक राज्य परिषद की आम बैठक उस समय गौरवपूर्ण क्षण की साक्षी बनी, जब जींद जिले के शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कर्मठ व्यक्तित्व राजेश वशिष्ठ को स्काउट एवं गाइड आंदोलन में उनके वर्षों के समर्पित योगदान, उत्कृष्ट नेतृत्व और अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित ऑनरेबल चार्ज एंड बीड्स स मान से अलंकृत किया गया।यह स मान हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष, नेशनल चीफ कमिश्नर केके खंडेलवाल, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्टेट सचिव मनीराम शर्मा (आईएएस), स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एलएस वर्मा, स्टेट ऑर्गेनाइजर कमिश्नर विनोद बंसल तथा अनिल कौशिक के द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान प्रदेशभर से आए स्काउट एवं गाइड पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा स्वयंसेवकों ने जोरदार तालियों के साथ राजेश वशिष्ठ का अभिनंदन किया।स मान प्राप्त करने के बाद राजेश वशिष्ठ ने इसे अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक क्षण बताते हुए कहा कि यह स मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि सभी का सम्मान है।



**जींद।** बहिष्कार के चलते खाली पड़ा न्यायिक परिसर।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीति के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया कार्य का बहिष्कार

**जींद।** पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की बार एसोसिएशनों के संयुक्त आह्वान पर मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन ने एलएडीसी (लीगल एड डिफेंस काउंसिल) नीति के विरोध में कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नियमित रूप से अदालतों में पेशी नही की। जिससे अदालतों में आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एडहॉक कमेटी के सदस्य शमशेर नेहरा, हरिमोहन भारद्वाज और एनके कंसल ने कहा कि एलएडीसी नीति को लेकर अधिवक्ताओं में लंबे समय से असंतोष है। यह व्यवस्था अधिवक्ताओं के हितों के साथ-साथ न्यायिक प्रणाली की पारंपरिक कार्यप्रणाली पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नही बल्कि एलएडीसी को लेकर है। कई बार तो प्रत्येक लीगल एड डिफेंस काउंसिल पर 20 से भी ज्यादा केसों की एक ही दिन में सुनवाई होती है। ऐसे में इतने केसों की पैरवी कैसे हो सकती है, जिससे समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार और संबंधित विभाग अधिवक्ताओं की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार कर समाधान निकालेंगे।

# क्लोरीन की सही मात्रा अपनाएं, पानी को कीटाणु मुक्त बनाएं : नरेंद्र ढांडा

- स्वास्थ्य विभाग ने नगूरां जलघर में पीने के पानी में क्लोरीन की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** नगूरां जलघर में पीने के पानी की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छ पेयजल को लेकर नगूरां जलघर में पीने के पानी में क्लोरीन की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां जलघर में पीने के पानी में क्लोरिन की जांच की। जिसमें नगूरां जलघर व गांव की सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा उचित मानक के हिसाब से पाई गई। इस दौरान टीम ने क्लोरीन की सही मात्रा अपनाएं, पानी को कीटाणु मुक्त बनाएं नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि क्लोरीनीकरण एक प्रभावी और किफायती जल शोधन प्रक्रिया है। इसका मुख्य लाभ यह है कि पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोवा को नष्ट कर देती है। जिससे जल से पैदा होने वाली बीमारी हैजा, उल्टी, दस्त, पीलिया, टायफायड, पोलियो आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। क्लोरीनीकरण करने से पानी से हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस व अन्य सूक्ष्म जीवों को मारकर पीने के पानी का कीटाणु रहित करता है।

## नरवाना में ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभांरभ

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नरवाना में आज से चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। 21 जुलाई से 24 जुलाई तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में ब्लॉक भर के विभिन्न स्कूलों से अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के छात्र एवं छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 24 जुलाई तक चलेगी, जिसमें कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित कई प्रमुख खेलों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विजेताओं को समापन समारोह के दिन सम्मानित किया जाएगा तथा वे आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ नवदीप स्टेडियम नरवाना में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संतोष देवी तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अशोक गर्ग एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालवन के प्राचार्या सुनीता गोयत द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को हाथ मिलाकर कर उनका स्वागत किया एवम हौंसला फज़ाई करी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने अपना दमख़म दिखाने के लिए ग्राउंड में प्रवेश किया। इस विशाल खेल आयोजन की पूरी व्यवस्था नोडल अधिकारी अनिल ढिल्लों द्वारा ब्लॉक के सभी समर्पित खेल शिक्षकों डी पी एवम पी टी आई एवम अन्य शिक्षकों के सहयोग से कुशलतापूर्वक की जा रही है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल केवल हार-जीत का नाम नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व क्षमता सिखाने का सबसे बड़ा माध्यम है। नोडल अधिकारी अनिल ढिल्लों ने कहा खेल से न केवल हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह हममें टीम भावना और नेवर गिव अप (कभी हार न मानने) का दृष्टिकोण विकसित करता है।

# कन्या भ्रूण हत्या न करने को लेकर स्वास्थ कर्मियों ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कन्या भ्रूण हत्या न करने को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना के अंतर्गत आने वाले गांवों ललितखेड़ा व ढिगाना में स्वास्थ्य सुपरवाइजर कुलदीप चहल व ऊषा रानी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। दोनों गांवों में कन्या भ्रूण हत्या न करवाने बारे जागरूकता रैली निकाली गई तथा स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चहल ने उपस्थित लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करवाने बारे शपथ भी दिलाई गई। अपने संबोधन में स्वास्थ्य निरीक्षक में कन्या भ्रूण हत्या के सामाजिक व कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुरुष, स्त्री संतुलन के बगैर हम एक सभ्य समाज की संरचना की परिकल्पना भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज के युग में लड़कियां भी हर क्षेत्र में लड़कों से आगे हैं। स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि हमें दहेज प्रथा व लड़कियों की सामाजिक सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर समाज के हर नागरिक को विचार करना चाहिए। उन्होंने लड़कियों की शिक्षा की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि सरकार लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रोत्साहित करने वाली स्कीमें चला रही है।

# करसोला स्कूल में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



**जुलाना।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देती हुई छात्राएं।

गांव करसोला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पान्नू ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र बांगड़ ने किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्किट, ग्रुप फॉक, डांस, रागिनी और सोलो फॉक डांस सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परिणाम की बात करें तो स्किट प्रतियोगिता में कक्षा पांच से आठ तथा कक्षा नौ से 12 दोनों वर्गों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप फोक डांस कक्षा पांच से आठ में राजकीय कन्या स्कूल गतौली प्रथम, राजकीय वरिष्ठ स्कूल करसोला द्वितीय तथा कक्षा 9 से 12 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लिजवाना कलां प्रथम, राजकीय स्कूल गतौली द्वितीय और राजकीय स्कूल करसोला तृतीय रहा। इसी प्रकार रागिनी कक्षा 5 से 8 में राजकीय स्कूल करसोला ने प्रथम तथा कक्षा 9 से 12 में पीएम श्री स्कूल जुलाना प्रथम, राजकीय स्कूल गतौली द्वितीय और राजकीय स्कूल करसोला तृतीय स्थान पर रहा। फॉक डांस सोलो कक्षा 5 से 8 में पीएम श्री स्कूल जुलाना प्रथम, राजकीय कन्या स्कूल बख्ता खेड़ा द्वितीय तथा राजकीय स्कूल करसोला तृतीय रहा। वहीं सोलो फॉक डांस कक्षा 9 से 12 में राजकीय स्कूल करसोला प्रथम, गतौली द्वितीय स्थान पर रहा।

## चिकित्सकों की सलाहः एकदम से ठंडे पेय पदार्थों का सेवन न करें

# उमस भरी गर्मी ने बढ़ाए उल्टी व दस्त के मरीज

चिकित्सकों ने दी समय-समय पर पानी पीने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** ओपीडी स्लिप के लिए नागरिक अस्पताल में लगी लंबी लाइन।

उमसभरी गर्मी ने जहां आमजन को परेशान करके रख दिया है वहीं नागरिक अस्पताल में इन दिनों उल्टी, दस्त से पीड़ित मरीजों की संख्या में अच्छा खासा इजाफा हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें उल्टी व दस्त लगे हुए हैं।

ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा भी संदिग्ध मरीजों के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या है। हालांकि सोमवार को मौसम ने करवट ली और दोपहर बाद हलकी बारिश भी हुई। बारिश कम होने के चलते मौसम में उसम बन गई है।

**चिकित्सकों ने दी सतर्क रहने की सलाह**

पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी लोगों को पेरशान कर रही है। सोमवार को हुई बारिश के बाद उमस और बढ़ गई है। जिसके चलते डिहाईड्रेशन, उल्टी, दस्त, पेट दर्द के मामलों में इजाफा हुआ है। सबसे ज्यादा बच्चों तथा बुजुर्ग लोग चपेट में आ रहे है। जिसके चलते नागरिक अस्पताल की ओपीडी अधिक संख्या में लोग गर्मी लगने, उल्टी व दस्त लगने की शिकायल लेकर पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल में वायरल पीड़ित लोगों का टैस्ट भी करवाए जा रहे हैं। नागरिक अस्पताल में मंगलवार को लगभग सौ से अधिक मरीज उल्टी, चक्कर आने की शिकायत लेकर पहुंचे।

**ठंडे पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी के कारण पसीना नहीं सूख रहा है। काफी लोग पसीने में ही ठंडा पानी या कोई ठंडा पेय पदार्थ पी लेते हैं। इससे मरीज के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पहले व्यक्ति का गला खराब हो जाता है, उसके बाद बुखार, गला खराब, उल्टी, दस्त जुकाम व खांसी हो जाती है। इसलिए गर्मी में बाहर से आने के कुछ देर तक घर आराम करना चाहिएए उसके बाद ही पानी पीना चाहिए। ज्यादा ठंडी वस्तुओं से परहेज करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## रोहेड़ा में खुशबू ने लगाई सबसे लंबी कूद



**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वामी सीताराम कन्या विद्यालय, किठाना की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। नौवीं की ईशा ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशबू ने लंबी कूद और 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु 800 मीटर दौड़ में द्वितीय और शकीना लंबी कूद में तृतीय रही।

## महिला कांग्रेस के प्रदर्शन के लिए गए दिल्ली

**कैथल।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में दिल्ली में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदेश महिला अध्यक्ष पर्ल चौधरी के निर्देशानुसार हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव प्रज्ञा पाशा जैन सहित प्रदेश एवं जिला स्तर की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस आंदोलन में शामिल रहीं। राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी सभा को संबोधित किया।

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से की मीटिंग

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान रामफल दयोहरा की अगुवाई में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार राणा से अध्यापकों के लम्बित मांग मुद्दों को लेकर मीटिंग की। उप जिला शिक्षा अधिकारी जयभगवान व उपाधीक्षक प्रवीन थरेजा भी मौजूद रहे। राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला कमेटी से जोगिंद्र सिंह व गुरदेव जांगड़ा, ब्लॉक प्रधान कृष्ण आर्य और सतपाल पांचाल प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

## युवा संसद में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, क्योड़क, जिला कैथल में आज दिनांक 21 जुलाई 2026 को "युवा संसद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डाइट कैथल के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरनाम एवं रविंदर उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के राजनीति विज्ञान प्रवक्ता आदर्श कंसल ने किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिफिन सांझा किया

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी के पूंडरी मंडल के शक्ति केंद्र-1 की बैठक सोमवार को टिफिन बैठक के रूप में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने टिफिन साझा कर संगठन में आत्मीयता और एक परिवार होने का संदेश दिया। बैठक में शक्ति केंद्र 79, 102, 103, 104 और 105 के बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, पालकों तथा बीएलए-2 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सांच शक्ति केंद्र पर टिफिन बैठक की

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत गांव सांच शक्ति केंद्र पर टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा नेता सतबीर भाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने एक साथ टिफिन साझा करते हुए संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में डॉ. अमित टाया, सुभाष दाबड़ा, सोहनलाल, बलवान सिंह, बीएलओ-2, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ पालक आदि मौजूद रहे।

### कैथल खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# हैंडबॉल में राजकीय माध्यमिक स्कूल फ्रांस वाला रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



खंड कैथल विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। प्रतियोगिता का शुभारंभ कैथल की खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही, खेल सचिव एवं प्राचार्य मामचंद, खेल संचालक रमेश चहल तथा जिला प्रधान विजेंद्र बेरवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाकर किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रतियोगिता के हैंडबॉल (बालिका वर्ग) अंडर-14 में प्रथम राजकीय माध्यमिक स्कूल फ्रांस वाला, द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसला सिसमौर। अंडर-17 में प्रथम – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसला सिसमौर, द्वितीय – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़ रहे। अंडर-19 में प्रथम – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़, द्वितीय – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल रहें। बास्केटबॉल (बालिका वर्ग) अंडर-14 में प्रथम – राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा, द्वितीय – डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कैथल रहा। अंडर-17 में प्रथम – राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा, द्वितीय – आरकेएसडी स्कूल कैथल रहे। हैंडबॉल अंडर-19 में प्रथम – एमटीएम हरसोला तथा द्वितीय – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ रहा। वॉलीबॉल बालक वर्ग आयु वर्ग 14 प्रथम स्थान गवर्नमेंट हाई स्कूल खेड़ी राय वाली द्वितीय स्थान लव पब्लिक स्कूल धौंस। आयु वर्ग 17 प्रथम पोजीशन लव पब्लिक स्कूल धौंस द्वितीय स्थान बरोट बांद्राणा आयोग 19 प्रथम स्थान आर्यन इंटरनेशनल स्कूल कैथल द्वितीय स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरोट बंदराणा रहा।

**स्कूली खिलाड़ियों ने जीते खिताब**

अंडर-19 में प्रथम – आरकेएसडी स्कूल कैथल, द्वितीय – डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कैथल।

क्रिकेट (बालक वर्ग) अंडर-14 में प्रथम – राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरसोला तथा

द्वितीय – इंडस पब्लिक स्कूल कैथल रहे।

अंडर-17 में प्रथम – डीएवी पुलिस स्कूल कैथल, द्वितीय – माइलस्टोन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल रहा। चेस बालिका वर्ग 14 में प्रथम ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल तथा द्वितीय एम टी एम हरसोला रहा। आयु वर्ग 17 में प्रथम पोजीशन ओएसडीएवी कैथल, द्वितीय पोजीशन एमडीएम हरसोला रहा।

आयु वर्ग 19 में प्रथम पोजीशन ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल तथा द्वितीय पोजीशन डीपीएस कैथल।

## रोहेड़ा में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

**राजौंद।** खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राजीव गांधी खेल स्टेडियम रोहेड़ा में खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहेड़ा के प्रिंसिपल बलविंदर सिंह ने किया। इस अवसर पर खंड राजौंद के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल सत्यवान, रमेश कुमार, युद्धवीर सिंह, खेलों के नोडल अधिकारी सोहन पाल, ज्योति, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र शास्त्री सहित सभी शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।खंड नोडल अधिकारी सोहन पाल ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को एथलेटिक्स स्पर्धाओं के मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।



**प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे**

▶▶| **अंडर-17 शॉट पुट (लड़कियां)**
**प्रथम**-हनप्रीत (पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी, राजौंद)
**द्वितीय**- इशिका (केपीएस, किठाना)
**तृतीय**- संजना रानी (गवर्नमेंट स्कूल, कसान)

▶▶| **अंडर-17 हाई जंप (लड़कियां)**
**प्रथम**: काजल (पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजौंद)
**द्वितीय**: दीक्षा (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोगरी)
**तृतीय**: रचना (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कसान)

▶▶| **अंडर-14 लॉन्ग जंप (लड़के)**
**प्रथम**: सरस्वती स्कूल, रोहेड़ा
**द्वितीय**: दक्ष (न्यू टैगोर स्कूल, किठाना)
**तृतीय**: हरदीप (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोंगरी-गुलियाना)

▶▶| **अंडर-17 जैवलिन थ्रो (लड़के)**
**प्रथम**: विनय राणा (एसडीएम स्कूल, राजौंद)
**द्वितीय**: अंशु (गवर्नमेंट हाई स्कूल, खेड़ी सिंबल वाली)
**तृतीय**: अनुराग (गवर्नमेंट हाई स्कूल, खेड़ी सिंबल वाली)

## गुहला खंड स्तरीय खेलों में छात्राओं ने दिखाया दमखम



**गुहला-चीका।** एसजीएफआई के तत्वावधान में गुहला खंड की खंड स्तरीय बालिका खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी गुहला नरेंद्र दीक्षित रहे। ब्लॉक खेल नोडल अधिकारी मेहताब सिंह ने प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के परिणाम में कबड्डी अंडर-14 में सरस्वती विद्यालय बलबेहड़ा प्रथम और गुरदेव पब्लिक स्कूल कसौली द्वितीय रहा। अंडर-17 में बाबा पंचमपुरी भागल ने प्रथम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भागल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 में सरस्वती विद्यालय बलबेहड़ा प्रथम रहा। खो-खो अंडर-14 में एसवीएम हरिगढ़ प्रथम और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध द्वितीय रहा। अंडर-17 में सरस्वती विद्यालय बलबेहड़ा प्रथम तथा केपीएस भागल द्वितीय रहा। अंडर-19 में एसवीएम हरिगढ़ ने प्रथम और माता गुजरी विद्यालय खरकड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## खेलों में छाए न्यू टैगोर स्कूल किठाना के खिलाड़ी

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किठाना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन रहा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक हरपाल सिंह ढाडा, प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री तथा समस्त स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। लड़कों में अंडर-14 में रिले टीम ने पहला स्थान हासिल किया। दक्ष ने लंबी कूद में दूसरा तथा योगेश ने 100 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।अंडर-17 में मानशु ने 200 मीटर में दूसरा और 100 मीटर में तीसरा स्थान पाया। अनुज ने लंबी कूद में पहला व 3000 मीटर में दूसरा स्थान हासिल किया। अक्षित ने 1500 मीटर व 800 मीटर में पहला तथा लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरीश (10वीं) ने 400 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिले (400 मीटर) टीम ने अंडर-17 में पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 में सोमदेव (12वीं) ने 100 व 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरीश (11वीं) ने शॉटपुट व डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान हासिल किया। अजय (12वीं) ने 200 मीटर में दूसरा और अंकुश (12वीं) ने लंबी कूद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिले (400 मीटर) टीम ने भी पहला स्थान हासिल किया। **लड़कियों के परिणाम**: अंडर-14 में नीतू (8वीं) ने 100 व 400 मीटर में प्रथम तथा शिक्षा (9वीं) ने 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।अंडर-17 में साक्षी (10वीं) ने 100 व 200 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया।



## मतदाता जागरूकता स्पर्धा के विजेताओं को बांटे प्रमाणपत्र



**पूंडरी चौधरी।** ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी के निर्वाचन प्रकोष्ठ तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक रहने तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 65 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच का संचालन निर्मल तथा अमरजीत ने किया। भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा ने प्रथम स्थान, स्वाति ने द्वितीय स्थान तथा वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कोमल रानी ने प्रथम स्थान, रोशनी ने द्वितीय स्थान तथा प्रीति शर्मा और निशा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कोमल रानी ने प्रथम स्थान, वंशिका ने द्वितीय स्थान तथा आलिशा वालिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह ने प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी। अध्यापक डॉ. गीता जायसवाल, डॉ. विनय खुरानिया, डॉ. मीनू, डॉ. किरनजोत, किरण एवं सुनीता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रकार समापन कार्यक्रम एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## कलायत में स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे 50 मरीज, टेस्ट भी करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में श्री कृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप के नाम से स्वास्थ्य जांच शिविरों की अनोखी पहल की गई है। जगदेव समिति एवं कल्याण केंद्र की तरफ से वार्ड-5 के पार्षद प्रीत जगदेव के आयोजन एवं संयोजन में मेरा लड्डू स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और जनसेवा को एक सूत्र में पिरोते इस शिविर में पहले दिन 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसमें खास तौर से बड़े-बुजुर्ग व महिलाएं शामिल रही। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन सुरेंद्र जगदेव ने अपनी टीम के साथ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान खास तौर से रक्तचाप, शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। पार्षद प्रीत जगदेव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल आध्यात्मिक प्रेरणा ही नहीं बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने का भी संदेश देते हैं। जगदेव टूर एंड ट्रेवल की तरफ से लंबे समय से भारत जानो, देश की सांस्कृतिक विरासत को पहचानो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को देश के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्राएं करवाई जाती हैं। अब इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ जनस्वास्थ्य को भी अपनी प्राथमिकता बनाया है। प्रीत जगदेव ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।



**कलायत।** वार्ड 5 में लड्डू गोपाल शिविर में स्वास्थ्य की जांच करवाते बुजुर्ग।

**बुजुर्गों के लिए वरदान बनेंगे शिविर**

शिविर के दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था के साथ स्वास्थ्य जागरूकता को जोडने का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है। उपस्थित नागरिकों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## पिलनी की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम रही विजेता



**पाई।** राजकीय उच्च विद्यालय पिलनी की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाई को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी कोच मुकेश ढुल ने बताया कि फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाई को 24–20 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाई के खेल प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता का सफल संचालन खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा, खंड सचिव धर्म सिंह, प्राचार्य पुंडरी, रोशन लाल (प्राचार्य, टयोटा) तथा खंड खेल समन्वयक नरेश बनवाला की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर कबड्डी कन्वीनर दिलबाग सिंह ढुल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत पिलनी ने कबड्डी कोच मुकेश ढुल, पीटीआई नरेश बनवाला, सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

**विश्व न्याय दिवस पर पौधरोपण किया**

**कलायत।** गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व न्याय दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-एवं-सचिव कंवल कुमार ने शिरकत की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। उपरांत शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कंवल कुमार ने कानूनी बारिकियों से रूबरू करवाया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता प्रेम कुमार ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, बच्चों के अधिकार, लैंगिक समानता, पॉक्सो अधिनियम-2012, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा विभिन्न नालसा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य डा. अश्विनी कुमार मंगला ने मुख्य अतिथि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्कूल में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**न्यूज डायरी**



### खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

**पूंडरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाकल में खण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा संसद प्रतियोगिता जनसंख्या शिक्षा अनुभाग मुखिया सुनीता चौधरी, एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के मार्गदर्शन और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सह डाइट प्राचार्य प्रमोद कुमार राणा के नेतृत्व में जिला कैथल के प्रत्येक खंड से चयनित पांच विद्यालयों में आयोजित करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा के लगभग 52 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संसद की प्रक्रिया को जानने के साथ-साथ उनमें संचार कौशल, नेतृत्व कौशल, वाद-विवाद कौशल को बढ़ाने तथा सामाजिक और देशहित के मुद्दों के बारे में सीखने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 11 मुख्य मदों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षण के लिए कैथल से जिला संसाधन इकाई प्रभारी डॉ. राज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल की भूमिका राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता सुनील कुमार ने निभाई।




### जुलाई में प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जांचे मतदाता

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ के पास जमा नहीं कराया है, वे 24 जुलाई तक हर हाल में अपना प्रपत्र जमा करा दें ताकि उनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। साथ ही निर्वाचक पंजीयन अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिन मतदाताओं ने अपना प्रपत्र जमा करवा दिया है, उनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल हो जाए। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं समयबद्ध की जाए। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत किए जा रहे कार्य की समीक्षा कर रहीं थीं। इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्रीनिवासन द्वारा सभी जिला उपायुक्तों से अभियान की प्रगति रिपोर्ट ली और चुनाव आयोग की गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए।

### बरसात व पानी की कमी से धान की फसल सूखने के कगार पर, किसान परेशान

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा में बरसात की कमी और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न मिलने से किसानों की धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। क्षेत्र के किसान इस स्थिति से बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं और प्रशासन से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।किसानों का कहना है कि इस बार समय पर बरसात नहीं होने के कारण खेतों में पानी की भारी कमी है। इसके साथ ही नहरी पानी की सप्लाई भी नियमित नहीं मिल रही। ऊपर से बिजली के अघोषित कट किसानों की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं, जिससे वे समय पर फसल को पानी नहीं दे पा रहे हैं।गांव के किसान क्रिशन व पाला राम ने बताया कि उन्होंने लगभग आठ किले में धान की फसल लगाई हुई है,लेकिन पानी के अभाव में फसल सूखने लगी है। उन्होंने कहा कि खेतों की जमीन में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं,जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं।

**योजना** 26 को गुहला-चीका में लगेगा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेला

# अंत्योदय मेले में पात्र परिवारों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें : यादव

एसडीएम मनीष यादव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला चीका एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि अंत्योदय परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 जुलाई को गुहला-चीका में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, गुहला में आयोजित होगा। सभी संबंधित अधिकारी मेले की तैयारियां समय रहते पूरी करें तथा मेले में पात्र परिवारों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उनसे संपर्क करके मेले में आने के लिए प्रेरित किया जाए। गुहला चीका एसडीएम मनीष यादव मंगलवार को मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से योजना से संबंधित दिशा-निर्देशों तथा मोबाइल एप की भी विस्तार से जानकारी दी गई। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री एवं दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर पहुंचे। एसडीएम मनीष यादव ने अंत्योदय परिवारों से अपील करते हुए कहा कि वे 26 जुलाई को आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेले में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेंद्र श्योकंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




**कैथल।** एसडीएम मनीष यादव अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**एक ही छत के नीचे मिलेंगी अनेक सरकारी सेवाएं**

*उन्होंने बताया कि मेले में कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, समाज कल्याण, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मेले में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे, जो स्वरोजगार एवं ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी देंगे तथा पात्र लाभार्थियों को ऋण प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग करेंगे।*

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लुदाना खंड पिल्लूखेड़ा में एस.एच.सी. की कंडम बिल्डिंग की बोली दिनांक 24.07.2026 को प्रातः 11 बजे प्रजापत चौपाल लुदाना में की जाएेगी। बोलीदाता को 20 हजार रुपये सिक्योरिटी के तौर पर जमा करवाने होंगे। इच्छुक व्यक्ति मौके व समय पर पहुँचे। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जायेगी।

ग्राम सचिव
मो. 9467070594

सरपंच ग्राम पंचायत लुदाना
खंड पिल्लूखेड़ा (जींद)

# उदयभानु प्रताप ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 363वीं रैंक हासिल कर गांव सिंध्वी खेड़ा का नाम किया रोशन

## नीट में लहराया परचम, न्यूरोसर्जन बनने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नीट यूजी 2026 में ऑल इंडिया रैंक 363 हासिल कर जींद जिले में टॉप करने वाले गांव सिंध्वीखेड़ा निवासी उदय भानु प्रताप का अपने घर पहुंचने पर परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। प्रथम प्रयास में ही नीट जैसी कठिन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले उदय भानु की उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। इस दौरान उदय ने नीट परीक्षा को लेकर अपनी तैयारियों, डॉक्टर बनने के सपने और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी खुल कर बातचीत की।

### बड़े भाई को गरीबों और जरूरतमंदों का इलाज करते देख डॉक्टर बनने का आया विचार


अपने दादा धर्मपाल कटारिया के साथ उदय भानु प्रताप।

उदय भानु प्रताप ने बताया कि उनके मन में डॉक्टर बनने का विचार अचानक नहीं आया बल्कि परिवार के माहौल और अपने बड़े भाई से मिली प्रेरणा के कारण यह सपना मजबूत होता गया। उन्होंने बताया कि जब वह नौवीं कक्षा में पढ़ते थे, तब उन्होंने अपने बड़े भाई सूरज प्रताप सिंह को गरीब और जरूरतमंद लोगों का इलाज करते हुए देखा। भाई के इस कार्य से वह काफी प्रभावित हुए और उनके मन में भी डॉक्टर बनने की इच्छा पैदा हुई। इसके बाद उन्होंने मेडिकल क्षेत्र में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया और धीरे-धीरे अपनी पढ़ाई को इसी दिशा में आगे बढ़ाया। आज नीट में ऑल इंडिया 363वीं रैंक हासिल करने के बाद उनका सपना और मजबूत हो गया है। अब वह भविष्य में न्यूरोसर्जन बन कर लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उदय भानु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने करनाल में निजी एकेडमी के अपने गुरूजनों, माता-पिता, भाई, दादा, परिवार के अन्य सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार ने उन्हें हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर सहयोग दिया। उन्होंने मेहनत और निरंतरता को अपनी सफलता का सबसे बड़ा आधार बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान धैर्य बनाए रखना बेहद जरूरी है। एक बार लक्ष्य निर्धारित करने के बाद विद्यार्थी को बिना विचलित हुए लगातार मेहनत करनी चाहिए। उदय भानु प्रताप बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं।

### दादा व पोते की जोड़ी बनी चर्चा का विषय

उदय भानु प्रताप की सफलता के साथ उनके दादा धर्मपाल कटारिया भी चर्चा में हैं। दादा व पोते की उपलब्धियों का यह संयोग क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर जहां उदय भानु ने कम उम्र में ही नीट यूजी में ऑल इंडिया 363वीं रैंक हासिल की। वहीं दूसरी ओर उनके दादा धर्मपाल कटारिया ने उम्र के इस पड़ाव पर भी पढ़ाई के प्रति अपनी लगन को कायम रखते हुए 73 वर्ष की आयु में एलएलबी की परीक्षा 82 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। दोनों की उपलब्धियां यह संदेश देती हैं कि सीखने और आगे बढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। धर्मपाल कटारिया हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी उम्र को कभी पढ़ाई के रास्ते में बाधा नहीं बनने दिया और कानून की पढ़ाई पूरी कर यह साबित किया कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी उम्र में नया लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं उनके पोते उदय भानु ने अपनी मेहनत के दम पर नीट में शानदार सफलता प्राप्त की है। यही कारण है कि क्षेत्र में दादा.पोते की यह जोड़ी लोगों के बीच चर्चा और प्रेरणा का विषय बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों के आंदोलन का सम्मान होना चाहिए

**जींद।** पूर्व छात्र नेता व उचाना विकास संघर्ष समिति के प्रधान अनुराग खटकड़ ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना दे रहे छात्रों के प्रति समर्थन और संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में युवाओं और छात्रों को अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखने का पूरा अधिकार है। सरकार और संबंधित विभागों को छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान निकालना चाहिएए ताकि उनका भविष्य प्रभावित न हो।

### कार्यकर्ताओं का सक्रिय रहना जरूरीः अमित

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत गांव सांच शक्ति केंद्र पर टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा नेता सतबीर भाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाना रहा। बैठक में कार्यकर्ताओं ने एक साथ टिफिन साझा करते हुए संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार की।

### विकसित उचाना का सपना साकार कर रहे विधायक

**उचाना।** भाजपा नेता राजू शर्मा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री विकसित उचाना के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। आज आमजन के लिए विधायक से मिलना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है और वे हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मिलनसार और सरल स्वभाव की तरह ही विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी सहजता से आमजन से मिलते हैं।

### आंदोलन में दिल्ली पहुंचे नरवाना के छात्र : नैन

**नरवाना।** सोशल वर्कर वरदान नैन अपने सभी छात्र साथियों के साथ दिल्ली जंतर-मंतर पहुंचे और वहां संसद घेराव करने के लिए निकले। वरदान नैन ने बताया कि हर रोज छात्रों के पेपर लीक हो रहे हैं, बहुत से छात्रों ने पेपर लीक की वजह से आत्महत्या कर ली, सरकार छात्रों के हित में कोई ठोस निर्णय नहीं ले रही है। दिल्ली में चल रहे शांतिप्रिय छात्र आंदोलन को सरकार द्वारा कुचलने का काम किया जोकि सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि सरकार समय रहते छात्रों की समस्याओं पर ध्यान दे।

### तनू ने नीट में हासिल की 2270वीं रैंक

**उचाना।** गांव बड़ौदा के पूर्व सरपंच ईश्वर शर्मा के पोते तनू शर्मा ने नीट परीक्षा मे ऑल इंडिया 2270वीं रैंक हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तनू शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाजपा कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय बड़ौदा ने कहा कि तनू की मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम है।

# एसएमएएम योजनाः ऑनलाइन ड्रा से हुआ कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन

## रोटावेटर के लिए 719 व लैंड लेजर लेवलर के लिए 667 किसान चयनित

**27 जुलाई तक दस्तावेज जमा कराने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। ड्रा की अध्यक्षता करते हुए डीसी डा. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जींद द्वारा उप मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए लाभार्थियों का चयन मंगलवार को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया। स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में आयोजित इस प्रक्रिया की अध्यक्षता डीसी डा. वैशाली शर्मा ने की। जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों तथा आवेदन करने वाले किसानों की उपस्थिति में सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के सभी पात्र आवेदकों का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त रोटावेटर एवं लैंड लेजर लेवलर को छोड़कर अन्य सभी कृषि यंत्रों के लिए प्राप्त पात्र आवेदनों की संख्या उपलब्ध लक्ष्य के अनुरूप होने के कारण सभी पात्र किसानों का चयन कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि रोटावेटर एवं लैंड लेजर लेवलर के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण इन दोनों कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया। रोटावेटर के लिए प्राप्त 1,444 आवेदनों में से 719 किसानों का चयन किया गया है। जबकि लैंड लेजर लेवलर के लिए प्राप्त 1,326 पात्र आवेदनों में से 667 किसानों को लाभार्थी के रूप में चुना गया। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने चयनित किसानों को निर्देश दिए कि वे 27 जुलाई तक ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों की छायाप्रति सहायक कृषि अभियंता कार्यालय रोहतक रोड बाईपास स्थित हमेटी परिसर जींद में अनिवार्य रूप से जमा कराएंए ताकि अनुदान जारी करने की आगामी प्रक्रिया समयबद्ध रूप से शुरू की जा सके।

### किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील

इस अवसर पर डीसी ने आगामी धान कटाई सीजन के मद्देनजर किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तरीके से पराली प्रबंधन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सुपर सीडर, मल्चर, जीरो टिलेज सीड ड्रिल तथा स्ट्रॉ बेलर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से पराली का प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण तथा खेती की लागत में कमी लाने में भी सहायता मिलती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध इन कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त करने हेतु तीन अगस्त तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को विभाग द्वारा निर्धारित माध्यमों से सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का पारदर्शीए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल, सहायक कृषि अभियंता विजय कुंडू सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कृषि यंत्रों पर सब्सिडी के लिए ड्रा से हुआ चयन


कैथल। एसडीएम डा. संजय कुमार ड्रा प्रक्रिया में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

- समैम योजना के तहत आए थे 4,439 कृषि यंत्रों के लिए आवेदन, 1319 किसानों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल द्वारा समैम योजना के तहत कृषि यंत्रों पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने के लिए मंगलवार को ऑनलाइन लॉटरी ड्रा का आयोजन किया गया। ड्रा की प्रक्रिया एसडीएम कैथल डॉ. संजय कुमार, उप कृषि निदेशक डॉ. रविंदर हुड्डा तथा सहायक कृषि अभियंता जगदीश मालिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सहायक कृषि अभियंता जगदीश मालिक ने बताया कि योजना के तहत जिले के किसानों ने उत्साहपूर्वक आवेदन किए। कुल 2,414 किसानों ने 4,439 कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किया था। अनुसूचित जाति वर्ग के सभी 41 पात्र किसानों का योजना की शर्तों के अधीन चयन कर लिया गया है।

### प्रतिक्षा सूची भी तैयार

सहायक कृषि अभियंता जगदीश मालिक ने बताया कि रोटावेटर के लिए प्राप्त 895 आवेदनों में से 445 किसानों तथा लेजर लैंड लेवलर के लिए प्राप्त 1,188 आवेदनों में से 598 किसानों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया गया। साथ ही दोनों कृषि यंत्रों के लिए 25 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी तैयार की गई है। यदि कोई चयनित किसान निर्धारित समय में कृषि यंत्र नहीं लेता है तो प्रतीक्षा सूची में शामिल अगले पात्र किसान को अनुदान का लाभ दिया जाएगा। आवश्यक दस्तावेज 18 अगस्त 2026 तक सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, कैथल में जमा कराने होंगे। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही चयनित किसानों को कृषि यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए जाएंगे।

इसके अलावा जिन 235 किसानों ने आवेदन के दौरान रोटावेटर और लेजर लैंड लेवलर को छोड़कर अन्य कृषि यंत्रों को पहली प्राथमिकता दी थी, उनका भी चयन किया गया।


जींद। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते छात्र नेता।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**जींद।** जेजेपी युवा जिला अध्यक्ष विकास सिहाग के नेतृत्व में छात्रों ने दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को एसडीएम सत्यवान मान को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि छात्रों की बात को सुना जाए और उन पर लाठी चार्ज करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। ज्ञापन सौंपने से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विकास सिहाग ने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को रखने वाले छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रही लड़कियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। यहां तक की लड़कियों को पुलिस द्वारा थप्पड़ मारे जाने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बर्बरतापूर्ण पीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज छात्र अपने भविष्य को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ओपन निशानेबाजी में इंडस के तीन छात्रों का नेशनल प्रतियोगिता में चयन

- इंडस ग्रुप निदेशक ने विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

13 जुलाई से 20 जुलाई तक जसपाल राणा मेमोरियल ओपन निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के ती नछात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में छात्रा साक्षी ने 10 मीटर और 50 मीटर राइफल यूथ वूमैन प्रतियोगि ता में नॉर्थ जोन क्वालीफाई कर नेशनल प्रतियोगिता में अपनी क्वालिफाई कर नेशनल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कक्षा दसवीं केछात्र कदम और ईशान ने 10 मीटर एयर पीस्टल में नॉर्थ जोन क्वालिफाई कर नेशनल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। अब ये छात्र आगामी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर इंडस संस्था में खुशी की लहर दौड़ गई। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने विजेता खिलाडियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक सुखबीर ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि हमारा इंडस ग्रुप हर प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है।

## न्यूज डायरी

### डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व मजबूत हो रही पार्टी

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। उनके मार्गदर्शन में प्रदेशभर में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। जिला सचिव महिला मोर्चा भाजपा कैथल निधि मोहन ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। प्रदेशभर में आयोजित तिफिन बैठकों, संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से भाजपा की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है।

### कुलपति ने उदय भानु प्रताप को किया सम्मानित

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी मंगलवार को जींद के नीट-2026 टॉपर तथा ऑल इंडिया रैंक 363 प्राप्त करने वाले उदय भानु प्रताप के निवास पर पहुंचे। उन्होंने उदय भानु प्रताप को उनकी उल्लेखनीय सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी ने उदय भानु प्रताप को 21 हजार रुपये की सम्मान राशि भेंट कर उनकी उपलब्धि का सम्मान किया।

### चाणक्य इंटरनेशनल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय की अंडर-14 एवं अंडर-17 बास्केटबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-19 बास्केटबॉल टीम द्वितीय स्थान पर रही। अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता में भी विद्यालय के खिलाड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में युवा संसद की बैठक

**सीवन।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डीईईओ कम प्रधानाचार्य डाइट प्रमोद राणा व विद्यालय प्रधानाचार्य नरेश ढुल के कुशल मार्गदर्शन में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार ने की। युवा संसद कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुदेश, पीजीटी राजनीति विज्ञान रहीं, पवन कुमार प्रवक्ता मनोविज्ञान डाइट कैथल में अनिल कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। जबकि कार्यक्रम का नेतृत्व दिलबाग सिंह, पीजीटी इतिहास ने किया।

### जींद रैली में पहुंच प्रधानमंत्री का जताया आभार

**उचाना।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्ण प्रताप सिंह के नेतृत्व में खिलाडियों और कोचों ने जींद में आयोजित पीएम नरेंद्र मोदी की रैली में पहुंचकर उनका आभार प्रकट किया। कोच मोनिका, वेदपाल, संदीप, अमित, अनिल आर्य, प्रदीप, एडवोकेट मुकेश, भतेरी और मनीषा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने खिलाडियों और कोचों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सम्मान और प्रोत्साहन देने का कार्य किया है। इसी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ी और कोच रैली में शामिल हुए।

### हवन से वातावरण होता है शुद्ध : पवन शर्मा

**उचाना।** आढ़ती पवन शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हवन का विशेष महत्व है। हवन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और मानसिक शांति से भी जुड़ा हुआ है। हवन में उपयोग की जाने वाली औषधीय सामग्री और देशी घी की आहुति से वातावरण शुद्ध होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से हवन करने से मन को शांति मिलती है, नकारात्मक विचारों में कमी आती है और परिवार में सुख-समृद्धि व आपसी प्रेम बढ़ता है। हवन के दौरान मंत्रोच्चार से आध्यात्मिक वातावरण बनता है, जिससे मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सनातन परंपरा में हवन को देवताओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम माना गया है। उन्होंने लोगों से अपने घरों, मंदिरों और सामाजिक आयोजनों में समय-समय पर हवन करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे धार्मिक आस्था मजबूत होने के साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश मिलता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## लिस्ट में नाम आने पर 23 से 27 जुलाई तक जमा करवा सकते हैं फीस

# यूजी कोर्सः आज जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

*सीट खाली रहने पर 29 जुलाई को जारी होगी दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में दाखिले के लिए बुधवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 23 से लेकर 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली सीट रहने पर 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। पांच अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन और पहले वाले आवेदन में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छह से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट द्वक्तीस के साथ दाखिले होंगे। अगर फिर भी सीट खाली रह गई तो इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे। जिले के विभिन्न 17 राजकीय व निजी कालेज और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में लगभग साढ़े 11 हजार सीट यूजी कोर्स में हैं। जबकि इस बार 12वीं कक्षा से साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। शहर के राजकीय पीजी कालेज और राजकीय महिला कालेज दाखिले के लिए विद्यार्थियों की पहली पसंद रहती है। दोनों की कालेजों में कई संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर जाने की संभावना है।

### समय पर फीस जमा कर सुनिश्चित करें दाखिला

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 22 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगाए उन्हें चाहिए कि वे समय रहते फीस भरकर दाखिला सुनिश्चित करें। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कालेज में काफी अच्छे संकाय हैं, जिसमें आगे चलकर विद्यार्थी अपना करियर बना सकते हैं।